**Press Release**

# World Nature Conservation Day 2026

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वाद-विवाद एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित




**द जोहार टाइम्स :**

**हजारीबाग** : विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर स्वामी धर्मबन्धु कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरहद, मुकुंदगंज, हजारीबाग में हरीतिमा इको क्लब के तत्वावधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रकृति संरक्षण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों ने "विश्व प्रकृति संरक्षण : वर्तमान चुनौतियाँ एवं हमारी जिम्मेदारियाँ" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को विश्व प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई। सभी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, हरीतिमा इको क्लब के सदस्यों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था।

**द जोहार टाइम्स : दिनांक: 28.07.2026 पृष्ट संख्या 02**

**खबर कोना**

### हरित भविष्य के निर्माण का लिया संकल्प




**हजारीबाग, 28 जुलाई :** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर स्वामी धर्मबन्धु कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरहद, मुकुंदगंज, हजारीबाग में हरीतिमा इको क्लब के तत्वावधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रकृति संरक्षण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ह्वविश्व प्रकृति संरक्षण : वर्तमान चुनौतियाँ एवं हमारी जिम्मेदारियाँ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को विश्व प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई। सभी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, हरीतिमा इको क्लब के सदस्यों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था।

**देश प्राण : दिनांक: 29.07.2026 पृष्ट संख्या 05**

29/7/2026

**Principal**
Swami Dharmabandhu College of Education
Harhad, Mukundganj, Hazaribag